# एस्बेस्टस उत्तर

**एस्बेस्टस एक खतरनाक सामग्री है जो आपके घरों में पाया जा सकता है। यह महत्वपूर्ण है कि आप समझें कि यह क्या होता है, और कहां हो सकता है ताकि आप अपने परिवार तथा समुदाय के स्वास्थ्य की सुरक्षा कर सकें।**

**यदि आप अपने घर का नवीकरण करने की योजना बना रहे हों, तो यह जानकारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।**

## 1 एस्बेस्टस क्या है?

एस्बेस्टस एक ऐसा खनिज है जो वातावरण में कुदरती तौर पर पाया जाता है। यह महीन रेशों के रूप में होता है, जिन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। यदि ये रेशे सांस में अंदर चले जाएं, तो आप बीमार हो सकते हैं।

एस्बेस्टस के रेशे कई प्रकार के भवन निर्माण सामग्री में मिलाए जाते थे क्योंकि ये उसे मजबूती प्रदान करते थे, और साथ ही बेहतर इंसुलेशन या रोधन तथा ऊष्मा-रोधी गुणों सहित अन्य लाभ प्रदान करते हैं।

कभी-कभी इन रेशों को सीमेंट, विनाइल और अन्य सामग्री में मिलाया जाता था जो रेशों को लपेट लेती हैं - इन्हें गैर-भुरभुरे (नॉन-फ्राएबल) के तौर पर जाना जाता है, और ये सबसे आम एस्बेस्टस उत्पाद हैं जिनका आपसे सामना घरों के रखरखाव और नवीकरण कार्यों में होगा। समुदाय में इन उत्पादों के आम नामों में शामिल हैं: फाइब्रो, सुपर सिक्स और बॉन्डेड एस्बेस्टस।

जब एस्बेस्टस की उपस्थिति में सुरक्षित और स्वस्थ रहने की बात हो तो समझदारी यह जानने में है कि इन रेशों को किस प्रकार के भवन निर्माण सामग्री में मिलाया जाता है और उनके साथ संपर्क में आने पर उचित सावधानी बरती जाए.

## 2 एस्बेस्टस के बारे में मुझे कब चिंता करनी चाहिए?

यदि आपका घर, और विशेषकर उसके भीतर के एस्बेस्टस वाले उत्पादों का भली-भांति रखरखाव किया जाता है, तो आप ठीक रहेंगे।

आपको तब अपने घर में एस्बेस्टस के बारे में चिंतित होने की आवश्यकता है जब वह क्षतिग्रस्त हो जाए (इस सीमा तक कि एस्बेस्टस के रेशे मुक्त हो सकते हों) या जब आप घर का नवीकरण कराने की योजना बना रहे हों।

## 3 एस्बेस्टस के रेशे मुझे कैसे बीमार कर सकते हैं?

यदि एस्बेस्टस के रेशे आपकी सांस में भीतर पहुंच जाएं, तो आप बीमार हो सकते हैं। केवल यही एक तरीका है! यदि रेशों को रखरखाव किए गए भवन-निर्माण उत्पादों में भली-भांति लपेटा जाता है, तो आप सुरक्षित हैं।

एक बार सांस में भीतर जाने पर ये फेफड़ों के सबसे महीन वायुमार्गों में जा सकते हैं जहां ये फेफड़ों के ऊतकों में बैठ जाते हैं और अंततः एस्बेस्टस से जुड़ी किसी बीमारी को पैदा कर सकते हैं (यहां तक कि दशकों बाद भी)। इनमें से बहुत सी बीमारियों का कोई इलाज नहीं है।

## 4 क्या मेरे घर में एस्बेस्टस हो सकते हैं?

यदि आपका घर 1990 से पहले बनाया गया था तो बहुत संभावना है कि उसमें कुछ भवन निर्माण उत्पाद होंगे जिनमें एस्बेस्टस रेशे होते हैं (1990 के बाद यह संभावना कम है लेकिन फिर भी यह संभव है!)। भवन निर्माण सामग्री में एस्बेस्टस के इस्तेमाल पर 1989 से रोक लगा दी गई थी और 31 दिसंबर 2003 से, एस्बेस्टस के विनिर्माण, पुनःउपयोग, बिक्री अथवा किसी भी रूप में आयात को निषिद्ध कर दिया गया है।

आपको अपने घर में जो सबसे आम एस्बेस्टस वाली जो सामग्री मिलेगी वह गैर-भुरभुरी किस्म की होती है - यानी, जिन्हें ठोस पैनलों में जोड़ा गया है। इन उत्पादों का इस्तेमाल जिन कार्यों के लिए किए जाने की संभावना है वे हैं - छत डालना, बाहरी और भीतरी दीवार के आवरण, छज्जों, बाड़ों (फेन्सिंग), पतली तख्तियां और साइडिंग, आग जलाने की जगह के चारों ओर थर्मल बोर्ड, पानी तथा धुएं के पाइप, और इलेक्ट्रिकल बोर्डों के आधार।

एस्बेस्टस वाली आम भवन निर्माण सामग्री के कुछ चित्रों के लिए, www.asbestosawareness.com.au पर जाएँ।

## 5 मैं पक्के तौर पर कैसे जानूं कि मेरे घर में एस्बेस्टस है?

आपके मकान में एस्बेस्टस रेशे हैं या नहीं, इसे पक्के तौर पर जानने का एक ही तरीका है कि किसी प्रमाणित परीक्षण केंद्र से यह जांच कराई जाए। यदि आप निश्चित नहीं हैं कि किसी भवन निर्माण सामग्री में एस्बेस्टस है या नहीं, तो यह मानें कि उसमें है...बाद में पछताने से बेहतर है कि सुरक्षित रहा जाए।

## 6 क्या मुझे अपने मकान से बॉन्डेड एस्बेस्टस को हटाने की अनुमति है?

हम हमेशा सिफारिश करते हैं कि आप एस्बेस्टस की कोई भी मात्रा हटाने के लिए किसी लाइसेंसशुदा ठेकेदार की सेवाएं लें; तथापि, सही जवाब है - यह मात्रा पर निर्भर करता है!

यदि एस्बेस्टस शीटों का क्षेत्रफल 10 वर्ग मीटर से कम है, तो आपको उसे खुद ही हटाने की अनुमति है।


यदि हटाए जाने वाले एस्बेस्टस का क्षेत्रफल 10 वर्ग मीटर से अधिक है, तो जवाब है नहीं - आपको उसे खुद हटाने की अनुमति नहीं है! इतनी मात्राओं के लिए आपको किसी लाइसेंसशुदा ठेकेदार की सेवाएं लेनी ज़रूरी हैं। यह नियम है!



एस्बेस्टस के आवरण/छज्जों वाला क्लासिक फाइब्रो घर



आम एस्बेस्टस की छत



गड्ढेदार पैटर्न एस्बेस्टस का सूचक हो सकता है

## 7 एस्बेस्टस को हटाने का सबसे सुरक्षित तरीका क्या है?

एस्बेस्टस की किसी भी मात्रा को हटाने का सबसे सुरक्षित तरीका है किसी उचित लाइसेंसशुदा पेशेवर को आने देना और आपके लिए यह काम उसे करने देना। अपने नज़दीक लाइसेंसशुदा ठेकेदारों की सूची देखने के लिए, www.workcover.nsw.gov.au पर जाएँ

तथापि, यदि आपके यहां 10 वर्ग मीटर से कम एस्बेस्टस की शीट हैं और आप उन्हें खुद ही हटाने का फैसला करते हैं, तो यह ज़रूरी है कि आप बचाव का सही साज-सामान पहनें और फिर ऐसे कार्यों की लंबी सूची को समझें जो आपको **नहीं** करने हैं! इसे ड्रिल न करें, काटें नहीं, गिराएं नहीं, रेती न चलाएं, आरी से न काटें, तोड़ें नहीं, खुरचें नहीं, रगड़ें नहीं, टुकड़े न करें, वाटर ब्लास्ट न करें।

इससे पहले कि आप शुरू करें, अधिक जानकारी के लिए www.asbestosawareness.com.au पर जाएँ।

## 8 क्या मैं एस्बेस्टस को अपने कूड़ेदान में या बाहर काउंसिल द्वारा सफाई के लिए रख सकता/ती हूं?

बिलकुल नहीं! आप कभी भी एस्बेस्टस को अपने काउंसिल कूड़ेदान में या बाहर काउंसिल द्वारा सफाई के लिए नहीं रख सकते।

## 9 मैं एस्बेस्टस का निपटान कैसे कर सकता/ती हूं?

एस्बेस्टस को कानून सम्मत तरीके से निपटाने का एकमात्र तरीका है:

- उसे किसी ऐसे कचरा प्रबन्धन केंद्र पर ले जाना जो उसे स्वीकार करने के लिए लाइसेंस प्राप्त हो (स्थानीय निपटान स्थलों की सूची देखने के लिए, www.epa.nsw.gov.au पर जाएँ)
- उसे एकत्र करने के लिए किसी लाइसेंसशुदा डेमलिशन कंपनी/एस्बेस्टस रिमूवलिस्ट (हटाने वाली संस्था) से संपर्क करना
- अपनी स्थानीय काउंसिल में फोन कर यह जानना कि क्या उनके पास आपकी सहायता के लिए कोई प्रोग्राम है।

## 10 मैं एक हाउसिंग NSW प्रॉपर्टी में रहता/ती हूं। कुछ क्षतिग्रस्त एस्बेस्टस के मामले में मैं क्या कर सकता हूं?

यदि आप अपनी हाउसिंग NSW प्रॉपर्टी में कुछ एस्बेस्टस की दशा को लेकर चिंतित हैं, तो आपको अपनी चिंताओं से 1300 468 7464 पर हाउसिंग NSW संपर्क केंद्र को अवगत कराना चाहिए। मामले की जांच कर सभी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 11 मैंने प्राइवेट किराए पर जो प्रॉपर्टी ले रखी है उसमें कुछ एस्बेस्टस की दशा को लेकर मैं चिंतित हूं। क्या मेरे पास उसकी मरम्मत कराने का अधिकार है?

रेजीडेंशल टेनेंसीज एक्ट 2010 तथा रेजीडेंशल टेनेंसीज रेग्युलेशन 2010 के तहत, एस्बेस्टस के संबंध में एक प्राइवेट किराएदार के तौर पर आपको बिल्कुल अधिकार हैं। अधिक जानकारी के लिए www.tenants.org.au वेबसाइट पर जाएँ

## 12 मुझे अपनी स्थानीय काउंसिल को कब फोन करना चाहिए?

अपनी स्थानीय काउंसिल को तुरंत फोन करें, यदि:

- आपको कुछ डंप किए गए एस्बेस्टस दिखाई दें
- आप अपने मकान से एस्बेस्टस हटाना चाहते हों लेकिन आपको यह मालूम न हो कि क्या पहले अनुमोदन लेने की आवश्यकता है
- आप समुदाय में किसी के द्वारा एस्बेस्टस हटाए जाने के तरीके को लेकर चिंतित हों
- आपको एस्बेस्टस को हटाने और उसके निपटान के बारे में आधारभूत सलाह की आवश्यकता हो
- आप यह जानना चाहते हों कि किसी पेशेवर को कैसे ढूंढा जाए जो आपकी मदद कर सके
- आपको एस्बेस्टस के बारे में और सामान्य जानकारी की आवश्यकता हो।

हम आपकी सहायता के लिए हमेशा पूरा प्रयास करेंगे, अतः फोन करने में संकोच न करें।



एस्बेस्टस को सुरक्षित रूप से हटाने का कार्य प्रगति में हैं*



एस्बेस्टस की फेन्सिंग जिसे मरम्मत की आवश्यकता है*



एस्बेस्टस युक्त, क्षतिग्रस्त विनाइल फ्लोर की टाइलें*

*ये चित्र एस्बेस्टस ऐज्युकेशन कमिटी से साभार लिए गए हैं।

अधिक जानकारी के लिए अथवा यह सुनिश्चित करने के लिए कि एस्बेस्टस हटाने का कोई काम शुरू करने से पहले आपको अनुमोदन लेने की आवश्यकता नहीं है, अपनी स्थानीय काउंसिल में संपर्क करें। दुभाषिया सेवाएं आमतौर पर उपलब्ध होती हैं।

**अनय महतवपूमि संपकमा**

NSW एनवाइरनमेनट प्रोटेक्शन अथॉरिटी - 131 555
वक कवर NSW - 13 10 50
कंबरलैंड काउंसिल - 02 8757 9000

CUMBERLAND COUNCIL

कंबरलैंड काउंसिल इस तथय-पतर में दी गई जानकारी को एक सामानय संदभर सरोत के तौर पर वितरित करती है। इसे उचित सावधानी और चौकसी के साथ नेकनीयती से तैयार किया गया है। उपयोगकतारओं को इस बारे में सवयं को संतुषट कर लेना चाहिए कि दी गई जानकारी उनकी विशिषट सिथति में परयोग किए जाने योगय है और जहां आवशयक हो उनहें विशेषज्ञों की सलाह लेनी चाहिए।